तापमान
अधिकतम 37.8 डिग्री
न्यूनतम 24.9 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार, 9 अगस्त, 2025

12 शिविर में 4181 शिकायतों का समाधान, 44 पर कार्रवाई जारी




12 सिविल अस्पताल में शुरू हुई कार्डियो और यूरोलॉजी ओपीडी



## खबर संक्षेप

### हैंडलूम दिवस पर कार्यक्रम 10 को

**पानीपत।** ऑल इंडिया हैंडलूम एल्यूमीनि एसोसिशन द्वारा 10 अगस्त को हैंडलूम दिवस मनाया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश के शिक्षामंत्री महीपाल ढांडा। अति विशिष्ट अतिथि मेयर कोमल सैनी होंगे। यह जानकारी देते हुए एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी ओपी रनोनिया ने बताया कि इस समारोह में 50 से अधिक बुनकरों को सम्मानित किया जाएगा। यह कार्यक्रम 10 अगस्त को सेक्टर 29 स्थित शगुन गार्डन में दोपहर 2 बजे होगा। उन्होंने हैंडलूम उद्योग से जुड़े उद्यमियों, व्यापारियों व कर्मचारियों से अपील की कि वह समारोह में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें।

### बांग्लादेशियों को बाहर निकालना सराहनीय

**पानीपत।** नार्थ इंडिया एंटी करपशन एण्ड क्राईम प्रीवेंशन आग्रेनाईजेशन की एक बैठक लतीफ गार्डन स्थित कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष यशपाल मलिक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रदेश से बांगलादेशी को बाहर करने के निर्णय का स्वागत किया गया। यशपाल मलिक ने कहा कि बांगलादेश से हरियाणा में आए लोगों द्वारा यहां अपराध को अंजाम दिया जा रहा है। इसलिए इनका यहां से बाहर निकाला जाना अति आवश्यक था। जिसके लिए सीएम नायब बधाई के पात्र हैं।

### डीएवी की छात्राओं ने बांधी संसद भवन में राखी

**पानीपत।** डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने रक्षाबंधन के अवसर पर संसद भवन जाकर गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ राखी बाँधकर प्रेम का संदेश देते हुए दयानंद एंग्लो वैदिक संस्था के नाम को सार्थक एवं गौरान्वित किया। उन्होंने कैबिनेट मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, अनुराग सिंह ठाकुर, निर्मला सीतारमण, जेपी नड्डा , पीयूष गोयल, बीएल वर्मा, डॉ.दिनेश शर्मा, संजीव बालियान, प्रदीप सांगवान, राजीव प्रताप रूडी, इमरान मसूद, संजय सिंह आदि सांसदों को राखी बांधी।

### अवैध शराब तस्करी के में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर के प्रकाश डायरी चौक के पास से अवैध शराब तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी मुकुल को 24 बोतल शराब सहित काबू किया है। एक अन्य मामले में पुलिस ने शराब तस्करी के मामले में आरोपी सोहन सिंह को 22 बोतल शराब सहित काबू किया है।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी शुभम उर्फ बिच्छू को गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला ने 25 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 1 जुलाई 2025 से 15 जुलाई 2025 के दौरान दयाल बाग अंबाला छावनी में स्थित उसके घर का ताला तोड़कर गैस सिलेंडर, एलसीडी, पानी के नल, इंनर्टर व पानी का मीटर चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### साइबर अपराध के प्रति छात्रों को किया जागरुक

**अंबाला।** अंबाला छावनी के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत "डिजिटल युग में, साइबर अपराधों से खुद को बचाने के लिए जागरूकता" पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. डॉ देसराज बाजवा ने किया। मुख्य वक्ता के तौर पर अंबाला शहर महिला थाना एसएचओ इंस्पेक्टर सुनीता ढाका रहीं। कॉलेज काउंसिल के सदस्यों ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया। इस कार्यशाला में कॉलेज के विभिन्न विभागों से लगभग 100 विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इंस्पेक्टर सुनीता ने प्रतिभागियों को डिजिटल युग में, साइबर अपराधों से खुद को बचाने के लिए जागरूकता और सावधानी के बारे में बताया।

## नागरिक रादौर को सुंदर और स्वच्छ बनाने में करें सहयोग

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने पेयजल पाइप लाइन बिछाने के कार्य का किया शुभारंभ

- अमृत योजना के अंतर्गत करीब 30 किलोमीटर पेयजल पाइप लाइन बिछाई जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

हरियाणा के कृषि एवं श्याम सिंह राणा ने रादौरवासियों से कस्बा को साफ, स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने में सहयोग दिए जाने के लिए आह्वान किया ताकि रादौर कस्बा को राज्य भर में अव्वल स्थान दिलाया जा सके।

उन्होंने कस्बा की साईं कॉलोनी में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की ओर से अमृत योजना के अंतर्गत पेयजल पाइपलाइन बिछाने के कार्य का शुभारंभ करते हुए उक्त बात कही।

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि रादौर में करीब 30 किलोमीटर पेयजल पाइप लाइन बिछाई जाएगी। उन्होंने पाइप लाइन का शुभारंभ करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्य को समय अवधि में पूरा करने के निर्देश दिए। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि रादौर की नई कॉलोनियों में पाइपलाइन व सीवरेज लाइन बिछाई जाएगी। कॉलोनियों में अधिक से अधिक सुविधा दिलवाना सरकार की प्राथमिकता है। जिसके लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है।

उन्होंने कहा कि रादौर के लोग कस्बा को सुंदर बनाने के लिए ठोस कदम उठाएं । जिससे रादौर को साफ व सुंदर शहरों की श्रेणी में शामिल करवाया जा सके।



**यमुनानगर :** रादौर में पेयजल पाइप लाइन का शुभारंभ करने के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व विधायक ईश्वर पलाका, एसडीओ रवि नायक, जेई पवन कुमार, चेयरमैन धर्म सिंह बंचल, चेयरमैन रजनीश मेहता, पार्षद भगवतदयाल कटारिया, पार्षद सुदेश सैनी, पार्षद मोंटी नामदेव, पार्षद रंजीत सिंह, पार्षद ऋषिपाल नंबरदार, पार्षद देवेंद्र सैनी, पार्षद मोनू सिंह, पार्षद विनिश राणा व अमित अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## जमीन बेचने के नाम पर हड़पे 10.85 लाख रुपये

- पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जमीन बेचने के नाम पर गांव कपूरी कलां निवासी हरमिंदर सिंह से 10 लाख 85 हजार रूपये हड़प लिए गए। आरोप पंजाब के मोहाली के गांव कूड़ावाला निवासी सुरेश पाल पर लगा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव कपूरीकलां निवासी हरमिंदर सिंह ने बिलासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वर्ष 2021 में वह जमीन खरीदना चाहता था। इस दौरान उसे पता चला कि पंजाब के मोहाली के गांव कूड़ावाला निवासी सुरेश पाल की बिलासपुर क्षेत्र में जमीन है। वह अपनी जमीन बेच रहा है। उसने इस बारे सुरेश पाल से बात की। सुरेश पाल ने उसे जमीन दिखाई। जमीन उसे पसंद आ गई। उसका सुरेश पाल के साथ जमीन का सौदा तय हो गया। इस दौरान उसने आरोपी सुरेश पाल को जमीन के बयाने के रूप में 10 लाख 85 हजार रूपये दे दिए। आरोपी ने उसे जमीन की जल्द रजिस्टरी करवाने का आश्वासन दिया। मगर काफी दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी ने जमीन की रजिस्ट्री नहीं करवाई। जब उसने इस बारे आरोपी से बात की तो उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

### 1.10 लाख हड़पे

**यमुनानगर।** विदेश भेजने के नाम पर गांव रामपुर कंबोयान निवासी निर्मल सिंह से एक लाख 10 हजार रुपये हड़प लिए गए। पैसे हड़पने का आरोप गांव के ही पलक व उसके पति बॉबी पर लगा है। पुलिस ने आरोपी दंपति के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव रामपुर कंबोयान निवासी निर्मल सिंह ने बताया कि उसका लड़का पढ़ाई पूरी करने के बाद रोजगार की तलाश में विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसे पता चला कि उनके गांव की ही पलक व उसका पति बॉबी लोगों को विदेश भेजने का काम करते हैं। उसने दोनों आरोपियों से अपने बेटे के बारे में बात की। आरोपियों ने उसके लड़के को विदेश भेजने के नाम पर एक लाख 10 हजार रुपये तथा दस्तावेज ले लिए। मगर काफी दिन बीत जाने के बाद भी उसके लड़के को विदेश नहीं भेजा। जब उसने इस बारे आरोपियों से बात की तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

## महिला के गहने लेकर ठग पुड़िया देकर फरार

- बैंक के बाहर बुजुर्ग महिला से हुई ठगी, पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

दो बाइक सवार युवकों ने बुजुर्ग महिला से सोने के गहने जबरन उतरवा लिए। इसके बाद आरोपी गहने लेकर फरार हो गए। पुलिस ने न्यू मॉडल कॉलोनी की 65 वर्षीय जसबीर कौर की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

जसबीर कौर ने बताया कि वह अपने घर से सुबह 9:30 बजे पंजाब एंड सिंध बैंक गई थी। इस दौरान बैंक के बाहर दो नौजवान लड़के बाइक पर खड़े थे। इनमें से लड़के ने सिर पर हेलमेट पहना हुआ था। दूसरा लड़का उसके साथ खड़ा था। इस दौरान एक लड़का दूसरे को कहने लगा कि वह अपने गले की सोने की चेन उतार कर अपने पर्स में डाल ले। इसके बाद हेलमेट वाला लड़का भी उन्हें बोलने लगा कि वह भी अपने सोने के टॉप्स व अंगूठी उतारकर अपने पर्स में डाल लें क्योंकि यहां पर पहले भी कई वारदात हो चुकी हैं।

### बातों में लेकर की वारदात

उनके कहने पर पीड़ित महिला ने टॉप्स वा अंगूठी को उतार कर अपने पर्स में डाल लिया। बाइक वाले लड़के ने कहा कि वह कागज में लपेटकर उन्हें गहने दे देगा। उसके कहने पर उसने गहने दे दिए। इसके बाद बाइक सवार युवकों ने उसे एक पुड़िया पकड़ा दी। इसके बाद वे मौके से भाग गए। जब महिला ने पुड़िया को खोलकर देखा तो इसके अंदर चने की दाल थी।

## अफीम सहित दो नशा तस्कर गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** जिले के ईस्माइलाबाद थाना क्षेत्र में दो नशा तस्करों को मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2 किलो 660 ग्राम अवैध नशीला पदार्थ अफीम बरामद किया गया। कुरुक्षेत्र यूनिट के इंचार्ज निरिक्षक ऋषीपाल सिंह ने बताया कि सहायक उप निरीक्षक राजेश कुमार अपनी टीम के साथ गांव बसंतपुर बस स्टॉप पर मौजूद थे, तभी उन्हें गुप्त सूचना मिली।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर नाकाबंदी की। कुछ देर बाद मोटरसाइकिल पर सवार दोनों आरोपियों को रोककर पूछताछ की गई। तलाशी में उनके पास से 2 किलो 660 ग्राम अफीम बरामद हुई। आरोपियों की पहचान .शिवगन उर्फ बल्ली पुत्र भरतगण , निवासी नियर डेरा बाबा मंगलगिरी, गांव ठहरवा, थाना सदर अम्बाला, जिला अम्बाला और. जसविन्द्र उर्फ सम्मी, निवासी डल्ला माजरा, थाना ईस्माइलाबाद, जिला कुरुक्षेत्र के तौर पर हुई है।

## दो करोड़ की हेरोइन के साथ एक्टिवा सवार गिरफ्तार

- दिल्ली की ओर से एक्टिवा पर ला रहे थे नशे की खेप
- जीटी रोड पर नाकाबंदी कर आरोपियों को काबू किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नशा तस्करों के खिलाफ पुलिस लगातार कड़ी कार्रवाई कर रही है। एक बार फिर पुलिस ने हेरोइन तस्करी के एक बड़े मामले का भंडाफोड़ कर दो एक्टिवा सवार युवकों को काबू किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो करोड़ की हेरोइन जब्त की है।

अब पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। दरअसल पुलिस की ओर से नशा तस्करों की धरपकड़ के लिए स्पेशल अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत अब सीआईए टू ने थाना पड़ाव क्षेत्र के गांव शाहपुर के सामने जीटी रोड नशा तस्करी के मामले में अंबाला छावनी के बंगाली मोहल्ला के आरोपी विशाल धीर उर्फ नानू व लालकुर्ती के वशं को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 301 ग्राम हेरोइन भी जब्त की। पकड़ी गई हेरोइन की कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में लगभग 2 करोड़ रूपये आंकी जा रही है। अब अदालत ने गहन पूछताछ के लिए दोनों आरोपियों को तीन दिन के रिमांड पर पुलिस के हवाले कर दिया है। सीआई टू के निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि सीआईए-2 की जांच टीम को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करते हैं। वे एक्टिवा पर सवार होकर दिल्ली की तरफ से नशे की बड़ी खेप लेकर आ रहे थे। पुलिस को यह बताया गया था कि दोनों आरोपी गांव शाहपुर जीटी रोड से होते हुए अंबाला छावनी में प्रवेश करेंगे। सूचना उपरान्त पुलिस ने गांव शाहपुर के सामने जीटी रोड पर नाकाबंदी कर दोनों एक्टिवा सवार युवकों को काबू कर लिया। विधिनुसार तलाशी लेने पर उनसे 301 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। पहचान के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना पड़ाव में मामला दर्ज करवाया गया।



**अंबाला।** दो करोड़ की हेरोइन के साथ पकड़े गए एक्टिवा सवार।

### रिमांड पर लिया

थाना महेशनगर के गांव चंदपुरा से नशा तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी राकेश उर्फ राजू को 12 ग्राम 25 मिलिग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को दो दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस ने सूचना के आधार पर चंदपुरा के श्मशान घाट के पास नाकाबंदी कर आरोपी को गिरफ्तारी किया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से हेरोइन जब्त की गई। पता चला है कि आरोपी पहले भी संदिग्ध गतिविधियों में शामिल था।

## सीएम फ्लाइंग ने टैंकर से कैमिकल चुराते दो दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

सीएम फ्लाइंग करनाल टीम ने वीरवार देर शाम रिफाइनरी स्थित नैफ्था प्लांट के गेट नंबर 3 के पास बनी पार्किंग में गुप्त सूचना के आधार पर छापा मारा। टीम ने छापे के दौरान पार्किंग में खड़े एक टैंकर से एमएजी कैमिकल निकालते हुए 2 लोगों को धर दबोचा जबकि एक व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।

सीएम फ्लाइंग ने उनके कब्जे से 18 कैनियों में निकाला गया 540 लीटर एमएजी कैमिकल, एमएजी कैमिकल से भरा एक टैंकर और एक कार अपने कब्जे में ले ली। मौके पर सदर थाना पुलिस को बुलाया गया। दोनों आरोपियों और उनके पास से बरामद सामान को सदर थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया। वहीं सदर थाना पुलिस ने सीएम फ्लाइंग के सब इंस्पेक्टर राज सिंह की शिकायत पर 6 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी। सीम फ्लाइंग के सब इंस्पेक्टर राज सिंह ने शिकायत में बताया कि वह अपनी निजी गाड़ी में पैप्सी पुल के पास था। उन्हें गुप्त सूचना मिली कि बलराज वासी बाल जाटान, विक्रम वासी दुप्पेड़ी करनाल और विक्रम पहलवान वासी पुरखास सोनीपत अपने करिंदों के साथ मिलकर टैंकर से एमएजी कैमिकल की चोरी करा रहे हैं।

टीम ने मौके से कैमिकल से भरा एक टैंकर, एक कार और 540 लीटर कैमिकल बरामद किया

उन्होंने अपने कर्मचारियों के साथ 2 लोगों सुनील सैनी पुत्र हरपाल सिंह वासी गढ़ी सराय गोहाना सोनीपत और पुष्पेंद्र पुत्र सुरेश कुमार वासी जौहरपुर बांदा यूपी को मौके पर पकड़ लिया जबकि एक व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाते हुए वहां से भागने में कामयाब हो गया ।

## मिड डे मील वर्कर्स ने शिक्षा मंत्री से की मुलाकात

**करनाल।** मिड डे मील वर्कर यूनियन का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा से मिला और अपनी लंबे समय से लंबित मांगों पर विस्तार से चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल में यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष राजरानी, महासचिव जयभगवान, उपाध्यक्ष गगनदीप, सुनीता, ओपी माटा, सचिव शरबती, प्रकाश, कोषाध्यक्ष सत्यवान, पानीपत जिला प्रधान निर्मला, सचिव कविता और सीटू जिला प्रधान सुनील दत्त प्रमुख रूप से शामिल रहे। वार्ता के दौरान राज्य प्रधान राजरानी और महासचिव जयभगवान ने कहा कि सरकार व प्रशासन द्वारा मिड डे मील वर्कर्स की लगातार अनदेखी की जा रही है। कई-कई महीने से मानदेय का भुगतान नहीं हो रहा, वर्दी का पैसा स्कूलों तक नहीं पहुंच रहा और मानदेय में कटौती की जा रही है। वर्कर्स को केवल 10 महीने का ही मानदेय मिलता है, जबकि काम करीब 11 महीने करना पड़ता है। उन्होंने मांग की कि शिक्षकों व अन्य स्टाफ की तरह वर्कर्स को भी 12 महीने वेतन मिलना चाहिए, जो 26 हजार रुपये से कम न हो। शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि इन पर ठोस कार्रवाई के लिए 19 अगस्त को चंडीगढ़ में दोबारा बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि मांग पत्र पर चर्चा कर समस्याओं के समाधान का प्रयास किया जाएगा।



### पूर्व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल ने जताया दावा

## जगाधरी में निकलेगी 40 किमी लंबी तिरंगा यात्रा

- यात्रा को सफल बनाने के लिए पूर्व कैबिनेट मंत्री ने छछरौली में कार्यकर्ताओं की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा के पूर्व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल ने कहा कि इस बार 12 अगस्त को जगाधरी विधानसभा क्षेत्र में करीब 40 किलोमीटर सबसे लंबी विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। तिरंगा यात्रा के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने उक्त शब्द शुक्रवार को आयोजित छछरौली व प्रतापनगर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में कहे।

पूर्व कृषि मंत्री कंवरपाल ने कहा कि विशाल तिरंगा यात्रा 12 अगस्त को दोपहर दो बजे प्रताप नगर अनाज मंडी से शुरू होकर नेशनल हाईवे के विभिन्न गांवों से होते हुए शाम तीन बजे छछरौली अनाज मंडी में पहुंचेगी। वहां से गांव छछरौली में से होते हुए दोबारा नेशनल हाईवे स्थित गांव से निकलते हुए शाम 4 बजे बुडिया चौक पहुंचेंगी और इसके बाद यात्रा विभिन्न स्थानों से होते हुए जगाधरी पहुंचेगी। तिरंगा यात्रा का जगह जगह स्वागत किया जाएगा। पूर्व कृषि मंत्री कंवरपाल ने कहा कि देश की नई जनरेशन को पता होना चाहिए कि आजादी हमें ऐसे ही बैठे बैठे नहीं मिली है। इसके लिए लाखों करोड़ों लोगों ने अपना अमर बलिदानी किया है।

हमारा देश 15 अगस्त को स्वतंत्र हुआ। लेकिन देश कैसे स्वतंत्र हुआ यह जानना भी लोगों को जरूरी है। देश भक्ति की अलख लोगों में जागना भी जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर जगाधरी विधानसभा में लगभग 40 किलोमीटर तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। यह यात्रा जगाधरी विधानसभा के चारों मंडलों में से होकर निकलेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को तिरंगा यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए आहवान किया। मौके पर उन्होंने पार्टी के लिए उत्कृष्ट कार्य करने पर भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग को सम्मानित किया।



### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर चेयरमैन बलविंदर सिंह मुजाफत, जिला उपाध्यक्ष रामपाल सिंह, जिला सचिव प्रभा सागर, जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग, मंडल अध्यक्ष गौरव गोयल,मंडल अध्यक्ष अमित कुमार, वरिष्ठ भाजपा नेता मुदित बंसल प्रतापनगर व गुलशन अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

## होटल के कमरे में युवक ने फांसी लगाकर दी जान



**कुरुक्षेत्र।** हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र। किरमच रोड पर एक निजी होटल के कमरे में एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरु कर दी। मृतक युवक की पहचान करीब 28 वर्षीय प्रवीण कुमार निवासी झिंझरपुर गांव के तौर पर हुई है। मृतक युवक की एनआईटी मार्किट में नाई की दुकान थी। मृतक युवक द्वारा फांसी लिए जाने की सूचन मिलने पर उसके परिजन व गांववासी भी मौके पर पहुंचे। जानकारी के अनुसार प्रवीण कुमार ने वीरवार रात्रि करीब साढ़े 8 बजे होटल में कमरा किराये पर लिया था। प्रवीन होटल की ऊपरी मंजिल पर बने 109 नंबर कमरे में रुका हुआ था। सुबह करीब 10 बजे होटल के स्टाफ से कर्मी कमरे की सफाई के लिए गया था। प्रवीण ने काफी देर तक दरवाजा नहीं खोला तो उसने रोशनदान से झांक कर देखा तो प्रवीण का शव फांसी पर लटका हुआ था। सुसाइड करने के पीछे अभी कोई वजह सामने नहीं आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## खबर संक्षेप



### बच्चों ने दिखाई प्रतिभा की झलक

**रादौर।** स्वराज शिशु निकेतन स्कूल में शुक्रवार को रक्षाबंधन का पर्व बहुत ही उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने रंग-बिरंगी व सुंदर राखियां बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कक्षा नर्सरी से पांचवीं तक के बच्चों ने पोस्टर, चार्ट व रंग बिरंगी राखियां बनाई। छात्रों ने कविता व भाषण के माध्यम से रक्षाबंधन के त्यौहार का महत्व बताया। मुख्य अध्यापिका रेनू शांडिल्य ने बताया कि हमें यह त्यौहार मिलजुलकर प्रेम व भाईचारे से मनाना चाहिए। बहनें इस दिन अपने भाई की कलाई पर राखी बांधती है और उनकी लंबी आयु की कामना करती हैं। उन्होंने सभी को रक्षाबंधन के त्यौहार की बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन कृष्णा सदन की इंचार्ज पूजा ग्रोवर, कल्पना व रजनी शर्मा ने किया।

### चोरों ने घर में घुसकर चुराया हजारों का सामान

**यमुनानगर।** जगाधरी के हुड्डा सेक्टर 18 में चोरों ने सूने घर में घुसकर दो हजार रूपये की नकदी समेत हजारों रुपये का अन्य सामान चोरी कर लिया। चोरी करने का आरोप नारायण नाम के व्यक्ति पर लगा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जगाधरी के हुड्डा सेक्टर 18 निवासी इंद्रजीत सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह छह अगस्त को घर का ताला लगाकर किसी काम से बाहर गया था। जांच करने पर घर से दो हजार रूपये, लाइसेंस, आधार कार्ड, गेहूं का आटा, दो मोबाइल व अन्य सामान गायब मिला।



### उद्योगों की जरुरतों का ज्ञान होना भी जरुरी

**यमुनानगर।** गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर में कॉलेज के प्रशिक्षण एवं रोजगार प्रकोष्ठ, वाणिज्य विभाग, कंप्यूटर विज्ञान व आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में उद्योग क्या चाहता है विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान मुख्य वक्ता के रुप में मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. पीर गुलाम नबी सुहैल व लेंसकार्ट के सहायक उपाध्यक्ष प्रो. डॉ. मोहम्मद मुताहिर जर्गर ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता कॉलेज की कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. प्रतिमा शर्मा ने की।

मुख्य वक्ता एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. पीर गुलाम नबी सुहैल ने कहा कि विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धी रोजगार बाजार में प्रासंगिक बने रहने के लिए शैक्षणिक शिक्षा और उद्योग की जरूरतों के बीच की खाई को पाटना बेहद जरुरी है। उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा के युग में शैक्षणिक शिक्षा हासिल करने के साथ साथ उद्योगों की जरुरतों का ज्ञान होना भी बेहद आवश्यक है।

### जिला उपायुक्त ने मुख्यमंत्री राहत कोष की सरल प्रक्रिया की दी जानकारी

# मुख्यमंत्री राहत कोष से इलाज के लिए आर्थिक सहायता लेने की प्रक्रिया हुई सरल

- आवेदक परिवार पहचान पत्र आईडी के माध्यम से सरल पोर्टल पर कर सकते हैं आवेदन
- आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को भी इस योजना के तहत मिलेगा लाभ

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

हरियाणा सरकार द्वारा आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के दृष्टिगत मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता प्राप्त करने वालों को सरल पोर्टल पर सुविधा प्रदान की जा रही है। इससे यह प्रक्रिया और अधिक सरल एवं आसान हो गयी है। उक्त जानकारी उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि अब आर्थिक सहायता के लिए प्रार्थी आवेदक सरल पोर्टल के माध्यम से सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री राहत कोष से मिलने वाली आर्थिक सहायता की राशि सीधे आवेदक या लाभार्थी के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी। उन्होंने बताया कि आवेदक अपनी पीपीपी यानी परिवार पहचान पत्र आईडी के माध्यम से सरल पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। इस प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए आवेदकों को अपने चिकित्सा बिल व ओपीडी बिल आदि जैसे अन्य संबंधित दस्तावेजों को अपलोड कर मुख्यमंत्री राहत कोष (सीएमआरएफ) से चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता के लिए आवेदन कर सकते हैं। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि योजना में किए गए बदलावों के तहत यदि कोई बीमारी आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना में कवर नहीं हो रही है। तो आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को भी इस योजना के तहत लाभ मिलेगा।

#### जिलास्तरीय कमेटी का किया गठन



उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री राहत कोष के अंतर्गत आर्थिक सहायता के लिए जिला स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है। जिसमें संबंधित एमपी, संबंधित एमएलए, उपायुक्त, सिविल सर्जन, नगर परिषद व नगर पालिकाओं के अध्यक्ष, जिला परिषद के चेयरमैन, पंचायत समिति के चेयरमैन को सदस्य और नगराधीश को नोडल अधिकारी बनाया गया है। उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता के रूप में इलाज खर्च का 25 प्रतिशत पैसा ही मिलेगा। जिसकी अधिकतम सीमा एक लाख रुपये निर्धारित की गई है। वहीं, आवेदक वित्त वर्ष में केवल एक बार ही इस सुविधा का लाभ ले सकता है।



यमुनानगर। मून स्टार प्री स्कूल रादौर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे।

## बच्चों ने मिल-जुलकर मनाया रक्षाबंधन का त्योहार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर**

मून स्टार प्री स्कूल रादौर में रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भाई-बहन के प्यार के प्रतीक रक्षाबंधन को मिल-जुलकर मनाया गया। विद्यालय की मुख्याध्यापिका रसमीन कौर ने बच्चों को रक्षाबंधन की बधाई दी।

उन्होंने बच्चों को रक्षाबंधन पर्व की महत्ता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह भाई बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक है। इसके साथ जुड़ी पौराणिक कथाएं भी बच्चों को सुनाई गई। जैसे महाभारत काल में द्रौपदी ने श्रीकृष्ण को राखी बांधी थी, तो श्री कृष्ण ने भरी सभा में द्रौपदी को अपमान से बचाया था। इस दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनके सुख और समृद्धि की कामना करती हैं। जबकि भाई सारी उम्र अपनी बहन की रक्षा करने का वचन देता है व उन्हें सुंदर-सुंदर उपहार भी देता है। मौके पर बच्चों ने बहुत ही सुंदर राखियां बनाकर सभी को हतप्रभ कर दिया।

# अमरनाथ समेत पांच व्यक्तियों को उनके दिव्यांग परिजनों का बनाया कानूनी संरक्षक

- जिला सचिवालय में आयोजित अधिकारियों की बैठक में दिव्यांग व्यक्तियों के लिए कानूनी संरक्षक नियुक्त किए जाने के लिए कमेटी का किया गठन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

जिला सचिवालय में दिव्यांग व्यक्तियों के लिए कानूनी संरक्षक नियुक्त किए जाने के लोकर समाज कल्याण विभाग समेत अन्य विभागों के अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने की। बैठक में दिव्यांग व्यक्तियों के लिए कानूनी संरक्षक नियुक्त किए जाने को लेकर कमेटी का गठन किया गया।

दिव्यांग व्यक्तियों के लिए कानूनी संरक्षक नियुक्त किए जाने को लेकर गठित की गई कमेटी के उपायुक्त यमुनानगर अध्यक्ष हैं। वहीं, सिविल सर्जन, जिला न्यायवादी, दिव्यांग व्यक्तियों के उत्थान के लिए कार्य कर रहे एक गैर सरकारी संस्थान के एक दिव्यांग सदस्य बनाए गए हैं। जबकि जिला समाज कल्याण अधिकारी कमेटी के सचिव बनाए गए हैं। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कमेटी के सदस्यों के साथ विचार विमर्श करने के बाद नेशनल ट्रस्ट की विभागीय वेबसाइट पर आवेदन करने वाले आवेदकों को उनके दिव्यांग भाई बहन का कानूनी संरक्षक नियुक्त किया गया। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि महादेव कॉलोनी निवासी अमरनाथ को उसके दिव्यांग भाई सोमनाथ जो कि 75 प्रतिशत दिव्यांग (40) मानसिक मंदताद्ध है का कानूनी संरक्षक नियुक्त किया गया। वहीं, साढ़ौरा निवासी रवि कुमार को उसकी बहन कुमारी आशा रानी जो कि 75 प्रतिशत दिव्यांग (45) बौद्धिक दिव्यांगता हैं का कानूनी संरक्षक नियुक्त किया गया। इसी प्रकार सिमरू कालोनी जगाधरी निवासी चंद्रमोहन को उसके दिव्यांग भाई वीरेन्द्र कुमार जो कि 75 प्रतिशत दिव्यांग (45) बौद्धिक दिव्यांगताद्ध हैं का कानूनी संरक्षक नियुक्त किया गया।



यमुनानगर। आयोजित अधिकारियों की बैठक में अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त पार्थ गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

वहीं, यमुना विहार कालोनी निवासी मानप्रीत कौर को उसके दिव्यांग भाइयों अमरदीप सिंह व सुंदरदीप सिंह जो कि जुड़वा हैं तथा 90 प्रतिशत दिव्यांग मानसिक मंदताद्ध है का कानूनी संरक्षक नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. दिव्या मंगला, उप जिला न्यायवादी सुधीर कुमार, कार्यवाहक जिला समाज कल्याण अधिकारी शीशपाल व कमेटी के मेंबर अशोक मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# लॉजिकल रिजनिंग को लेकर विद्यार्थियों का किया मार्गदर्शन

- मुकंदलाल नेशनल कॉलेज रादौर में व्याख्यान आयोजित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर**

मुकंदलाल नेशनल कॉलेज रादौर में शुक्रवार को वाणिज्य विभाग एवं कैरियर गाइडेंस सैल की ओर से व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस दौरान जेएमआईटी के प्रबंधन विभाग से डॉ.कविता रानी बतौर मुख्यवक्ता शामिल हुई।

कॉलेज की प्राचार्या डॉ.माला शर्मा ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां कॉलेज में नियमित रूप से आयोजित करवाई जा रही हैं ताकि विद्यार्थियों के ज्ञान और सीखने की क्षमता में वृद्धि हो सके। व्याख्यान का मुख्य विषय लॉजिकल रीजनिंग रहा।

आज की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के लिए यह विषय महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। लॉजिकल रीजनिंग को हल करने के विभिन्न तरीके बताए गए।

कैसे विभिन्न परीक्षाओं में इस तरह के प्रश्नों को हल किया जा सकता है। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को अपना सही लक्ष्य चुनाव करने की ओर प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों के द्वारा पूछे प्रश्नों को सहजता से समझाया। वाणिज्य विभाग की अध्यक्षा प्रो.पूजा वर्मा ने विद्यार्थियों को इस प्रकार की होने वाली गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। मौके पर प्रो.जयचंद, प्रो.पिंकी रानी, प्रो.बंटी कुमार व अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद थे।



यमुनानगर। मुकंदलाल नेशनल कॉलेज रादौर में विद्यार्थियों को जानकारी देते मुख्यवक्ता। फोटो : हरिभूमि

## श्रैपिड रिवीजन प्रोग्राम समीक्षा 6.0 का 12 अगस्त को होगा शुभारंभ

- कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आईके पंडित ने दी जानकारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

जेएन कपूर डीएवी डेंटल कॉलेज यमुनानगर स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय श्रैपिड रिवीजन प्रोग्राम समीक्षा 6.0 कार्यक्रम का शुभारंभ 12 अगस्त को किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन 14 अगस्त को होगा। कार्यक्रम में हरियाणा, पंजाब व दिल्ली समेत देश के आठ प्रदेशों के 120 प्रतिनिधि भाग लेंगे। उक्त जानकारी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आईके पंडित ने दी।



कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आईके पंडित ने बताया कि इंडियन सोसाइटी ऑफ पेरियोडोंटिक्स के बैनर तले एसोसिएशन की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षा डॉ. निम्फिया पंडित की अध्यक्षता में पेरियोडोंटिक्स और ओरल इम्प्लांटोलॉजी विभाग के डॉ. शालिनी गुगनानी और डॉ. दीपिका बाली के सहयोग से लगातार छठी बार इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एसोसिएशन ने डीएवी डेंटल कॉलेज यमुनानगर को इंडियन सोसाइटी ऑफ पेरियोडोंटिक्स द्वारा स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए इस शैक्षणिक रैपिड रिवीजन प्रोग्राम के संचालन के लिए चुना गया है। उन्होंने बताया कि तीन दिन तक चलने वाले समीक्षा 6.0 कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, गुजरात, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, उत्तरांचल, दिल्ली व नोएडा आदि के 28 डेंटल कॉलेजों के 120 प्रतिनिधियों के भाग लेने की उम्मीद है। इसके अलावा नेपाल के तीन डेंटल कॉलेजों के अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने भी पंजीकरण कराया है। प्राचार्य डॉ. आईके पंडित ने बताया कि स्नातकोत्तर विद्यार्थी इस कार्यक्रम को लेकर बेहद उत्साहित हैं। कार्यक्रम में देश भर के 26 विशेषज्ञ पेरियोडोंटोलॉजी और ओरल इम्प्लांटोलॉजी के विभिन्न पहलुओं पर स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को अपना व्याख्यान देंगे।

## दिल्ली पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने एयरफोर्स स्टेशन कालपी का किया शैक्षणिक भ्रमण

- छात्राओं ने भारतीय वायु सेना के अधिकारियों व जवानों को तिलक लगाकर बांधी राखियां

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

दिल्ली पब्लिक स्कूल यमुनानगर की सातवीं कक्षा की छात्राओं ने शुक्रवार को एयरफोर्स स्टेशन कालपी का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान छात्राओं ने स्टेशन पर मौजूद वायु सेना के अधिकारियों व जवानों को तिलक कर राखियां बांधी और मिठाई खिलाकर उन्हें शुभकॉमनाएं दी।

विद्यालय की प्रधानाचार्या पूर्णिमा वाधवा ने बताया कि एयरफोर्स स्टेशन पर छात्राओं द्वारा वायु सेना के अधिकारियों व जवानों को तिलक लगाकर स्नेहा का प्रीत राखी बांधने के इस भावपूर्ण मिलन के दृश्य ने सभी को भावविभोर कर दिया। वहीं, रक्षा बंधन के पारंपरिक संदेश रक्षा, विश्वास और स्नेह को और भी जीवंत कर दिया। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्राओं को एयर फोर्स स्टेशन स्थित संग्रहालय का भी भ्रमण कराया गया, जहां उन्होंने भारतीय वायु सेना के गौरवशाली इतिहास, उपलब्धियों और वीरता की कहानियों के बारे में जाना। प्रधानाचार्या पूर्णिमा वाधवा ने इस प्रकार की गतिविधियों को छात्राओं में देशभक्ति, सम्मान और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने वाला महत्वपूर्ण कदम बताया। सचेयरमैन राम निवास गर्ग ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण करने से छात्राओं का आत्म ज्ञान बढ़ता है।



यमुनानगर। दिल्ली पब्लिक स्कूल की छात्राएं एयरफोर्स स्टेशन के शैक्षणिक भ्रमण के दौरान वायु सेना के जवानों व अधिकारियों के साथ रक्षा बंधन पर्व मनाते हुए।

#### लगातार छठी बार कार्यक्रम का आयोजन

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आईके पंडित ने बताया कि इंडियन सोसाइटी ऑफ पेरियोडोंटिक्स के बैनर तले एसोसिएशन की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षा डॉ. निम्फिया पंडित की अध्यक्षता में पेरियोडोंटिक्स और ओरल इम्प्लांटोलॉजी विभाग के डॉ. शालिनी गुगनानी और डॉ. दीपिका बाली के सहयोग से लगातार छठी बार इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एसोसिएशन ने डीएवी डेंटल कॉलेज यमुनानगर को इंडियन सोसाइटी ऑफ पेरियोडोंटिक्स द्वारा स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए इस शैक्षणिक रैपिड रिवीजन प्रोग्राम के संचालन के लिए चुना गया है। उन्होंने बताया कि तीन दिन तक चलने वाले समीक्षा 6.0 कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, गुजरात, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, उत्तरांचल, दिल्ली व नोएडा आदि के 28 डेंटल कॉलेजों के 120 प्रतिनिधियों के भाग लेने की उम्मीद है। इसके अलावा नेपाल के तीन डेंटल कॉलेजों के अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने भी पंजीकरण कराया है। प्राचार्य डॉ. आईके पंडित ने बताया कि स्नातकोत्तर विद्यार्थी इस कार्यक्रम को लेकर बेहद उत्साहित हैं। कार्यक्रम में देश भर के 26 विशेषज्ञ पेरियोडोंटोलॉजी और ओरल इम्प्लांटोलॉजी के विभिन्न पहलुओं पर स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को अपना व्याख्यान देंगे।

## टीबी की समय पर जांच और उपचार करवाना जरूरीः डॉ. कुमार



यमुनानगर। गांव लेदा खादर में टीबी जांच शिविर में लोगों को जानकारी देते हुए चिकित्सक।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

जिले के प्रतापनगर की सीएचसी द्वारा टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत गांव लेदा खादर में शुक्रवार aको एक्टिव केस फाइंडिंग(एसीएफ) शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सीएचसी प्रतापनगर के सीनियर मैडिकल ऑफिसर डॉ. जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम ने लोगों की स्क्रीनिंग कर जांच की।

सीएचसी प्रतापनगर के सीनियर मैडिकल ऑफिसर डॉ. जितेंद्र कुमार ने बताया कि शिविर के दौरान एक हजार से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग की गई। जिनसे यह पूछा गया कि क्या उन्हें टीबी के कोई लक्षण जैसे खांसी, बुखार, वजन कम होना या थकावट जैसी समस्याएं हैं। संभावित मरीजों को आगे की जांच हेतु चिह्नित किया गया। जिनमें से तीन दर्जन से अधिक लोगों के एक्सरे किए गए और दो दर्जन से अधिक लोगों के बलगम के सैंपल लिए गए।

डॉ. जितेंद्र कुमार ने बताया कि अभी भी लोग जागरुकता के अभाव में अपनी जांच करवाने से हिचकते हैं। हमें उन्हें बार बार समझाना पड़ता है कि टीबी एक इलाज योग्य बीमारी है और समय रहते जांच व इलाज आवश्यक है। कोई भी स्वास्थ्य कार्यक्रम जनता के सहयोग के बिना सफल नहीं हो सकता है। इसलिए सभी ग्रामीणों से आग्रह है कि वे इस मुहिम में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

## विकास कार्यों को लेकर नपा की बैठक में हुए प्रस्ताव पारित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर**

नगरपालिका रादौर के पार्षदों की बैठक का आयोजन शुक्रवार को नपा कार्यालय में चेयरमैन रजनीश मेहता शालू के नेतृत्व में किया गया। बैठक में 16 पार्षदों में से 15 पार्षदों ने भाग लिया। नपा सचिव सुरेंद्र मलिक की देखरेख में आयोजित हुई बैठक में शहर के विकास को लेकर प्रस्ताव पास किए गए।

बैठक में 6 सितंबर से आयोजित होने वाले जाहरवीर गोगा माड़ी मेले के आयोजन को लेकर चर्चा की गई। बैठक में मेले की व्यवस्था को लेकर पार्षदों की कमेटियों का गठन किया गया। मेले में नगरपालिका की ओर से आयोजित किए जाने वाले तीन दिवसीय दंगल को लेकर बनाई गई कमेटी में पार्षद भगवतदयाल कटारिया, ऋषिपाल नंबरदार व श्रीकांत मोंटी, अमनदीप छोटाबांस, राजीव आर्य सन्नी को शामिल किया गया। मेले में दुकानों को ठेकेदार के माध्यम से लगाने पर सहमति जताई गई। जिसके तहत अब नगरपालिका की ओर से मेले में लगने वाली दुकानों को ठेकेदार के माध्यम से लगाया जाएगा।

#### ये रहे मौजूद

मौके पर नपा सचिव सुरेंद्र मलिक, अकाउंटेंट नीरज कांबोज, एमई संदीप शर्मा, जेई कपिल कांबोज, सीनियर पार्षद जसवंत सिंह, सीनियर पार्षद भगवतदयाल कटारिया, डॉ.प्रीत गर्ग, बेअंत कौर, स्मृति रानी, बबली सैनी, दलजीत कौर, राजीव आर्य सन्नी, ऋषिपाल नंबरदार, श्रीकांत मोंटी, संदीप छोटाबांस, रविंद्र सैनी, विनिश राणा जुगनू, देवेंद्र सैनी व सुशील बत्तरा आदि मौजूद थे।

### भाजपा यमुनानगर की विस्तृत जिला कार्यकारिणी की हुई बैठक

# हर घर तिरंगा अभियान से नागरिकों में देशभक्ति की भावना होगी प्रबल

- हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री असीम गोयल ने बैठक में मुख्यातिथि के रुप में लिया भाग

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

भारतीय जनता पार्टी जिला यमुनानगर की विस्तृत जिला कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन शहर स्थित पार्टी के जिला कार्यालय यमुना कमल में हुआ। बैठक में मुख्यातिथि के रुप में प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री असीम गोयल ने भाग लिया। जबकि विशिष्ठ अतिथि के रुप में पूर्व कृषि मंत्री कंवरपाल व सिटी विधायक घनश्यामदास अरोड़ा मौजूद रहे।

मुख्यातिथि एवं प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री असीम गोयल ने कहा कि अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने और तिरंगे के साथ व्यक्तिगत और भावनात्मक संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए केन्द्र सरकार का हर घर तिरंगा अभियान का निर्णय सराहनीय है। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत 13 से 15 अगस्त के बीच सभी सरकारी भवनों, शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी कार्यालयों आदि पर ध्वजारोहण समारोह और तिरंगा प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी। गोयल ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के प्रति पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में जोश है और इस अभियान को जिलेभर में सफल बनाया जाएगा। केन्द्र सरकार के निर्देशों पर हर घर तिरंगा अभियान का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इससे देश के नागरिकों में देशभक्ति की भावना जागृत व बलवती होती हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के तत्वावधान में कई गतिविधियां और प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी।



यमुनानगर। भाजपा की विस्तृत जिला कार्यकारिणी की बैठक में तिरंगा अभियान को लेकर दिशा निर्देश देते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री असीम गोयल। फोटो : हरिभूमि

#### अभियान को सराहनीय कदम बताया

मौके पर पूर्व कृषि मंत्री कंवरपाल ने भी केंद्र सरकार के हर घर तिरंगा अभियान को सराहनीय कदम बताया। इस अवसर पर पूर्व विधायक बलवंत सिंह, जिला परिषद चेयरमैन रमेश कुमार ठसका, मेयर सुमन बहमनी, जिला महामंत्री प्रवीण खदरी, जिला महामंत्री नरेंद्र राणा, पूर्व चेयरमैन रामनिवास गर्ग व जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### गीता कन्या विद्यालय में मनाया संस्कृत सप्ताह

**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वाधान में अमीन मार्ग स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 9 अगस्त तक संस्कृत सप्ताह मनाया गया। संस्कृत सप्ताह के दौरान प्रतिदिन संस्कृत सुविचार ,संस्कृत पंचांग, संस्कृत वार्ता, संस्कृत श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता ,संस्कृत प्रश्नोत्तरी संस्कृत कविता व गीत गायन प्रतियोगिता स्फोटक पत्र व मम परिचय करवाया गया।

### अक्षरा स्कूल में मनाया रक्षाबंधन पर्व



**पिहोवा।** अक्षरा इंटरनेशनल स्कूल में रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम से मनाया गया। नर्सरी से सातवीं कक्षा तक के बच्चों ने खूबसूरत रंग बिरंगी राखियां बनाकर अपनी कला का परिचय दिया। एमडी जन्नत काहड़ा ने कहा कि रक्षाबंधन जैसे पर्व भाई बहन के पवित्र रिश्ते के प्रतीक हैं। जो भारतीय संस्कृति के प्रेम को दशार्ते हैं। जन्नत काहड़ा ने कहा कि महिलाओं का ओलंपिक से लेकर अंतरिक्ष तक डंका बजता है। इंदिरा गांधी, कल्पना चावला, मनु भाकर व विनेश फोगाट आदि बहुत से ऐसे उदाहरण हैं। जिन्होंने नारी सशक्तिकरण की मिसाल कायम की है।

### कुवि कुलपति 10 को करेंगे तिरंगा यात्रा को सम्बोधित

**कुरुक्षेत्र।** मीडिया छात्र एसोसिएशन एवं इंडियन मीडिया सेंटर हरियाणा द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा को 10 अगस्त को केयू के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा सायं 6 बजे संबोधित करेंगे। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि 10 को कुलपति तिरंगा यात्रा में भाग लेने वाली बेटियों व उनके अभिभावको को सम्मानित भी करेंगे।

### जयराम सैनिक स्कूल में मनाया रक्षाबंधन का पर्व



**कुरुक्षेत्र।** देशभर में संचालित श्रीजयराम संस्थाओं से परमाध्यक्ष एवं श्रीजयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से श्रीमती केसरी देवी लोहिया जयराम पब्लिक स्कूल और न्यू जयराम सैनिक स्कूल में भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर जयराम सैनिक स्कूल देश के भावी नन्हे सैनिक कैडेट्स का उत्साह भी देखने लायक था।

## 35 हजार बकाया फीस देने में था असमर्थ

# दिव्यांग बच्चे को मिला विद्यालय में दाखिला

**जिला महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी का अथक प्रयास**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** दिव्यांग बेटे की फीस माफ होने पर जिला महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी बलजीत कौर का पुष्प गुच्छ देकर धन्यवाद करता अभिभावक।

जिला महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी का अथक प्रयास एवं कुशल मार्गदर्शन एक दिव्यांग परिवार के लिए मसीहा के रूप उभरकर सामने आया है। जिला के गांव से एक अभिवावक का दिव्यांग बेटा खंड के एक निजी स्कूल की कक्षा दूसरी में पढ़ता था। कक्षा दूसरी पास करने के बाद बच्चे को तीसरी कक्षा में दाखिला लेना था लेकिन विद्यालय की 35 हजार रुपए बकाया फीस न चुकाने के कारण स्कूल प्रबंधन ने दिव्यांग को कक्षा तीसरी में दाखिला देने से मना कर दिया। इस कारण शिक्षा से वंचित होकर दिव्यांग बच्चा पिछले 5 महीने से घर पर ही बैठा रहा। मेहनत - मजदूरी करने वाले अभिभावक विद्यालय की बकाया राशि को चुकाने में असमर्थ थे। अभिभावक का कहना है कि उन्होंने विद्यालय प्रबंधन से दिव्यांग बेटे की बकाया फीस माफ करने की कईं बार गुहार लगाई। लेकिन उनकी इस मांग को हर बार ठुकराया गया। पीड़ति अभिभावक ने इस बात को खंड शिक्षा अधिकारी से लेकर जिला शिक्षा अधिकारी के सामने भी प्रमुखता से उठाया लेकिन इतनी बड़ी फीस की राशि को माफ करवाने में वे भी हाथ खड़े कर गए। उसके बाद पीड़ति ने जिला उपायुक्त के सामने भी फरियाद लगाई। उनके द्वारा भी इस फीस की कुछ प्रतिशत राशि माफ करवाने का आश्वासन दिया। अधिकारियों के बार-बार चक्कर काटने के बावजूद पीड़ति अभिभावक ने जिला महिला एवं बाल विकास विभाग कुरुक्षेत्र से मार्ग दर्शन मांगा। अभिभावक के निवेदन पर जिला महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी ने पीड़ति अभिभावक की व्यथा को सुना। उसके बाद उन्होंने दिव्यांगजन अधिनियम के बारे में कानूनी राय ली। अधिकारी द्वारा राय लेने के बाद अभिभावक को हर संभव कानूनी मदद का भरोसा दिलाया।

**वर्ष 6 से 18 तक फ्री शिक्षा का प्रावधान : बलजीत कौर**

*जिला महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी बलजीत कौर के अनुसार दिव्यांगजन अधिनियम 2016 के अध्याय 3 में वर्ष 6 से 18 तक निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का प्रावधान है। जिससे कोई भी सरकारी व नीजि स्कूल दिव्यांगो से फीस की अदायगी नहीं कर सकता। यहां तक की अधिनियम में दिव्यांग को कक्षा पहली से आठ तक निःशुल्क किताबें देने का भी प्रावधान है। अभिभावक की शिकायत के बाद अधिकारी व विद्यालय प्रबंधन हरकत में आए। जिला कार्यक्रम अधिकारी बलजीत कौर ने कहा कि प्रत्येक बच्चे एवं महिला को सम्मान देना वे अपना दायित्व मानती है। इसी सोच के साथ उन्होंने पीड़ति अभिभावक को कानूनी जानकारी उपल्ब्ध करवाई। ताकि इस प्रकार का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रह सके।*

**हरियाणा किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन**

# धान की खरीद 15 सितंबर से शुरू करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



हरियाणा किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर सैंकड़ो की संख्या में किसान जिला मुख्यालय पर पहुंचे और प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिला उपायुक्त के छुट्टी पर होने के कारण ज्ञापन सीटीएम ने लिया। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश प्रवक्ता प्रिंस वड़ैच ने बताया कि हरियाणा किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा ने पूरे प्रदेश में जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन कर उपायुक्तो को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने का ऐलान किया था उसी कड़ी में कुरुक्षेत्र में भी किसानो ने भारतीय किसान यूनियन पिहोवा व भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह के नेतृत्व में किसानों द्वारा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। प्रिंस वड़ैच ने बताया कि किसानों की मांग है कि धान की खरीद 15 सितंबर से शुरू की जाए क्योंकि सरकार की तय की गई तारीख 15 जून के अनुसार लगाया गया धान 15 सितंबर को पक जाता है इस लिए सरकारी खरीद भी 15 सितंबर से ही शुरू होनी चाहिए ताकि किसान को मंडियों में तंग ना होना पड़े। भारतीय किसान यूनियन पिहोवा के ब्लॉक प्रधान विनोद बाखली व हलका प्रधान कवलजीत विर्क ने संयुक्त रूप से कहा की प्रदेश में फिजी वायरस के कारण धान में बहुत नुकसान हुआ है जिस कारण किसानो को अपनी फसल नष्ट करके दोबारा रोपाई करनी पड रह है इसलिए मोर्चा की मांग है कि सरकार खराबे की स्पेशल गिरदावरी करवाकर 60 हजार रुपये एकड़ मुआवजा दे। भाकियू प्रवक्ता प्रिंस वड़ैच ने कहा कि अगर सरकार किसानो की मांगों से गंभीरता से लेकर इनका हल नहीं करती तो हरियाणा किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर प्रदेश भर के किसान 1 सितम्बर को मुख्यमंत्री के कुरुक्षेत्र स्थित कोठी का घेराव कर प्रदर्शन करेंगें। इस मौके पर ब्लॉक उपप्रधान बलविंद्र बटेडी, युवा प्रधान मनीष मलिक, गुरलाल असमानपुर, काकू चीमा, राजेश बुरा, सुखविंदर मुकीमपुरा, मलिक बजवा ,अशोक गुर्जर ,ऋषि अधोया, पिंटू संधोला सहित सैंकडो की संख्या में किसान मौजूद रहे।

### कैंप में 282 विद्यार्थियों के दांतों का किया निरीक्षण




**शाहबाद।** रोटरी क्लब के सौजन्य से स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ाने हेतु एक दिवसीय डेंटल चेकअप कैंप लगाया गया। इसमें कक्षा तीसरी से कक्षा दसवीं तक के 282 विद्यार्थियों के दांतों का निरीक्षण डॉक्टर प्रोमिला ढिंढशा द्वारा सिटी हार्ट स्कूल में किया गया। कैंप की शुरूआत क्लब के प्रधान डॉक्टर आर. एस. घुम्मन के संबोधन से हुई। उन्होंने कहा कि इस क्लब का उद्देश्य स्कूली बच्चों को अपने दांतों की सही देखभाल रखने के लिए जागरूक करना है। हमें उन्हें जागरूक करके उनके दांतों को खराब होने से बचाना है। इस दौरान दंत चिकित्सक डॉक्टर प्रोमिला ढिंढशा ने बच्चों के दांतों का निरीक्षण किया व इसकी अच्छी तरह से देखभाल करने के लिए प्रेरित किया और दांतों को सुरक्षित रखने के उपाय बताए। उन्होंने मीठे पदार्थों के सेवन में संयम रखने की सलाह दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य व शिक्षकों द्वारा इस आयोजन की भरपूर सराहना की गई।

# संगोष्ठी में विभाजन की त्रासदी का दंश झेल चुके बुजुर्गों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र




देश को 1947 में मिली आजादी के उपरांत हुए बंटवारे में पाकिस्तान से पलायन कर हिन्दुस्तान आने वाले भारतीयों पर हुए निर्मम अत्याचार, नृशंस हत्या और लूट की दुखद वारदात को भाजपा हर वर्ष विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के तौर पर मनाती है। इस वर्ष भी इस कार्यक्रम का प्रदेश स्तरीय आयोजन जहां 14 अगस्त को फरीदाबाद में किया जा रहा है, वहीं आज जिला स्तर पर मल्टी आर्ट कल्चर सेंटर के ऑडिटोरियम में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में मुख्य वक्त के तौर पर करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने शिरकत की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आत्म प्रकाश मनचंदा, जिला अध्यक्ष तेजेंद्र सिंह गोल्डी, चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार सैनी, नगरपरिषद की पूर्व चेयरमैन उमा सुधा, जिला संयोजक धीरज वालिया, मीडिया प्रभारी ललित माटा मौजूद रहे। मुख्य वक्ता जगमोहन आनंद ने अपने संबोधन में कहा कि 1947 का वह विभाजन केवल भौगोलिक सीमाओं का बंटवारा नहीं था, बल्कि लाखों-करोड़ों दिलों की पीड़ा और बलिदान की अमिट कथा भी था। इस कार्यक्रम में विभाजन की पीड़ा का दंश झेल चुके जगदीश शर्मा, चंद्र प्रकाश शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, जगमोहन काठपाल आदि को शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया।



### अधिकारियों को स्कूल के बच्चों ने बांधी राखी

**कुरुक्षेत्र।** रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल, सेक्टर-3 की छात्राओं ने समाज में सेवा कर रहे प्रमुख अधिकारियों से भेंट कर उन्हें राखी बांधकर भाईचारे, प्रेम और सम्मान का संदेश दिया। इस स्नेहिल पहल के अंतर्गत छात्राओं ने सबसे पहले मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, कुरुक्षेत्र नीतीका भारद्वाज को राखी बाँधी और शुभकामनाएँ दीं। इसके पश्चात छात्राओं ने हरियाणा पुलिस के डीएसपी (हेडक्वार्टर) सुनील कुमार तथा नगर पार्षद, सेक्टर-3 दुष्यंत बख्शी नगर पार्षद को भी राखी बांधी। सभी अधिकारियों को तिलक कर,

# विद्यार्थियों ने सीखी योग की एबीसी

- गीता सह शिक्षा माध्यमिक विद्यालय में योग शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



विद्या भारती हिंदू शिक्षा समिति के तत्वाधान में संचालित गीता सह शिक्षा माध्यमिक विद्यालय, छोटा बाजार के प्रांगण में कक्षा चतुर्थ से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष योग का सेशन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य वक्ता हरियाणा योग आयोग के वरिष्ठ सदस्य व भारतीय योग संस्थान के पूर्व हरियाणा प्रान्त के संगठन मंत्री एवम चिराग नर्सिंग होम, कुरुक्षेत्र के निदेशक डॉ मनीश कुकरेजा तथा विद्यालय की प्राचार्या राज कुमारी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर तथा महान ऋषि पतंजलि को नमन कर किया गया। मुख्य वक्ता का परिचय देते हुए प्राचार्या महोदया ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि आज के सेशन में डॉ कुकरेजा अंग्रेजी के वर्णों की सहायता से योग के 26 शब्दों का बौद्धिक व क्रियात्मक ज्ञान आपको देंगे। विद्यार्थियों ने खेल खेल में ही योग के शब्दों को संगीत, काव्य व ग्राफिक व एनीमेशन की सहायता से यू ट्यूब पर उपलब्ध ए बी सी ऑफ योग की प्रथम सीरीज की वीडियो का अवलोकन कर व उसका क्रियात्मक पक्ष समझते हुए कुछ विशेष क्रियाएं यथा ताड़ासन, गरुड़ासन, चक्रासन, त्राटक, ध्यान, सहज श्वास ध्यान,ज्ञान मुद्रा, हास्य योग, कपाल भाती, पद्मासन का अभ्यास किया।




### शिविर में अग्रवाल डेंटल क्लिनिक के चिकित्सकों ने जांचे 200 बच्चों के दांत

**कुरुक्षेत्र।** अग्रवाल डेंटल क्लिनिक के द्वारा फ्री डेंटल चेकअप कैंप धर्मजीवी ग्लोबल सीनियर सेकेंडरी स्कूल बगथला में लगाया गया। इसमें डॉ. दीपक अग्रवाल व डॉ अमृता द्वारा 200 बच्चों के दांतों की जांच की गई और फ्री टुथपेस्ट, टुथब्रश और पेनकिलर्स दिए गए। बच्चों को मीठा कम खाने की हिदायत दी गई और खाना खाने के बाद कुल्ला करने को कहा गया। साथ में 2 बार ब्रश सुबह और रात को करने की सलाह दी गई। दांतों को साफ रखना चाहिए। समय-समय पर दांतों की जांच करवाते रहना चाहिए ताकि किसी भी प्रकार का बड़ा रोग उत्पन्न न हो। डॉ दीपक अग्रवाल ने मुंह और उससे जुड़ी हुई बीमारी और उनके रोकथाम के लिए बच्चों को बताया और ब्रस ठीक तरीके से करना सिखाया।

# एकता की भावना को जागृत रखने का पवित्र पर्व रक्षाबंधन : मंजूला शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान एवं हिंदू शिक्षा समिति हरियाणा के तत्वधान में चल रहे मेजर नितिन बाली गीता निकेतन विद्या मंदिर में एकता की भावना के प्रतीक राखी के उपलक्ष्य में राखी तथा थाली सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने घर पर स्वयं राखियां बनाईं और प्रदर्शनी के रूप उन्हें प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष नरेंद्र ढींगरा, प्रबंधक रामचंद्र सैनी, संकुल प्रमुख यशपाल वधवा तथा विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती मंजुला शर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती मंजुला शर्मा ने विद्यार्थियों को राखी पर्व का महत्व समझाते हुए कहा कि यह पर्व केवल उपहार का लेन देन नहीं है बल्कि भारतीय सांस्कृतिक और एकता की भावना को जागृत रखने का पवित्र पर्व है। इस शुभ अवसर पर विद्यालय की आचार्य दीदियां कंचन, भावना, अनु, रेखा, उषा, आकांक्षा आदि उपस्थिति रहीं।




### सिद्धार्थ अस्पताल में लगाया मुफ्त चिकित्सा शिविर

**शाहबाद।** नगर की सामाजिक सेवा में अग्रणीय संस्था सर्व समाज कल्याण द्वारा सिद्धार्थ अस्पताल में मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से डॉक्टर सिद्धार्थ शर्मा अंजली शर्मा और एम अयूब ने जांच की। शिविर में 95 महिलाओं और पुरुषों के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर में हृदय रोग, शुगर, बीपी के अलावा हड्डियों की जांच की गई और जिन महिलाओं और पुरुषों में कोई रोग की अनुभूति हुई उनको दवाइयां बताई गई। संस्था के प्रधान राजेश सिंगला ने बताया उनकी संस्था समय-समय पर समाज सेवा के प्रकल्प लेते रहते हैं। इस मौके पर संस्था के सदस्य नरेंद्र गॉड, गौरव सिंगला, रणबीर वर्मा, मदन कथूरिया, मास्टर नरेंद्र शर्मा, कुमारी सविता, श्यामलाल पोपली, पीयूष राव के अलावा काफी संख्या में सदस्य मौजूद रहे।




### राखी मेकिंग प्रतियोगिता में भूमिका प्रथम

**शाहबाद।** सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा तीसरी से दसवीं कक्षा के लगभग 180 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉ. आर. एस. घुम्मन के संबोधन से हुआ। रक्षाबंधन के महत्व के बारे में उन्होंने कहा कि यह त्यौहार भाई -बहन के स्नेह का प्रतीक है। प्रतियोगिता में कक्षा तीसरी की भूमिका प्रथम यशिका द्वितीया, राघव तृतीया चतुर्थ की आश्विन प्रथम, दीया द्वितीया, एवनीन तृतीया कक्षा पांचवी की प्रिधि प्रथम, पहिर द्वितीया, आराध्या तृतीया कक्षा, युक्ति द्वितीया अलीशा तृतीया, कक्षा सातवीं में माही प्रथम, जसप्रीत दवित्या सिमर तृतीया कक्षा आठवीं में सहज प्रथम संज्ञा दवित्या,वैभव तरित्या कक्षा नवमी वा दशवीं में जपसीरत प्रथम, अमीजोत द्वितीया, शगनदीप कोर तृतीया घोषित किए गए। रक्षा बंधन के अवसर पर प्लेवे से दूसरी कक्षा के बच्चों के बीच गतिविधि भी कराई गई। इसके उपरांत विजेता विद्यार्थियों को प्रधानाचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया। निर्णायक मंडल की भूमिका मेहंदी और मैडम उषा गाबा द्वारा निभाई गई। यह प्रतियोगिता आर्ट एवं क्राफ्ट की अध्यापिका लीना की देखरेख में हुई। इस अवसर पर स्कूल एडमिनिस्ट्रेटर मनोज भसीन, उप प्रधानाचार्य, सतबीर सिंह, संजय बठला, मंदीप सिंह, गुंजन आदि स्टॉफ सदस्य उपस्थित थे।

### राहुल गांधी ने इलेक्शन चीफ को दिखाया आईना : मधुसूदन बवेजा

**कुरुक्षेत्र।** किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सबूतों के साथ



भारतीय चुनाव कमीशन को आईना दिखाया। कल से आज तक न तो भाजपा का खंडन आया है और न ही मुख्य चुनाव कार्यालय भारत सरकार से आया हैं। इतनी गिरावट एक प्रधानमंत्री व गृह मंत्री सत्ता में रहने के लिए कर सकता है तो उसका आम जनता पर गोलियां चलवाना, बलात्कार करवाना, अपने बलात्कारी नेताओं को शरण देना आम बात है। राहुल गांधी एक शहीद परिवार के वंशज है। इन्होंने कभी भी डर को डर नही समझा बल्कि डर को डराया है और ये काम एक बहादुर नेता ही कर सकता है। वर्ष 2014 से राहुल गांधी अकेले ही कांग्रेस पार्टी की ओर से जनता के लिए लड़ाई लड़ रहे है, उनका कहना है कि सत्य की हमेशा जीत होती और उन्होंने कई बार साबित भी कर दिखाया है।

**राहत** मरीजों को चंडीगढ़ पी.जी.आई. या दिल्ली की ओर नहीं करना पड़ेगा रूख

# आदेश ने रचा इतिहास : आदेश हार्ट सैंटर में आईवीएल तकनीक से हुआ सफल आप्रेशन

- क्षेत्र में इस तकनीक का प्रयोग करने वाला पहला अस्पताल बना आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** आई.वी.एल. तकनीक की जानकारी देते चिकित्सक।

मोहड़ी स्थित आदेश मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में हदय रोग के उपचार में एक नयी ऐतिहासिक सफलता हासिल की गई है। हृदय रोगी का सफल आप्रेशन अत्याधुनिक तकनीक आई.वी.एल. से किया गया है और आस-पास के क्षेत्र में पहली बार आदेश में यह तकनीक अपनाई गयी है। इससे पहले इस तकनीक से हृदय रोगी को उपचार के लिए चंडीगढ़ पी.जी.आई. या दिल्ली की ओर रूख करना पड़ता था लेकिन अब आदेश में इस तकनीक से हृदय रोगियों को उपचार मिलेगा। डा. मनिंद्र हरिया के नेतृत्व में यह ऑपरेशन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह तकनीक पहली बार इस क्षेत्र में किसी अस्पताल में प्रयोग की गई है और आदेश अस्पताल इस तकनीक को अपनाने वाला आस-पास के क्षेत्र का पहला संस्थान बन गया है। डा. मनिंद्र हरिया ने बताया कि सीने में तेज दर्द की शिकायत के साथ पहुंचे एक मरीज को तीव्र हृदयाघात का निदान किया गया। जांच में पाया गया कि उसकी कोरोनरी धमनी में 90 प्रतिशत स्टेनोसिस था जो एक कठोर और कैल्सिफाइड प्लाक के कारण था।

**यह तकनीक जमा कैल्शियम को ध्वनि दबाव तरंगों से तोड़ती**

डा. मनिन्द्र हरिया ने बताया कि इस जटिल स्थिति के लिए चिकित्सकों ने अत्याधुनिक इंट्रावैस्कुलर लिथोट्रिप्सी तकनीक का उपयोग किया और रोगी की जान बचाई। उन्होंने बताया कि यह तकनीक धमनियों में जमा कैल्शियम को ध्वनि दबाव तरंगों के माध्यम से तोड़ती है, जिससे रक्त प्रवाह की बहाली हेतु स्टेंट को प्रभावी रूप से स्थापित किया जा सकता है। इस सफलता पर आदेश ग्रुप के चेयरमेन डा. एच. एस. गिल, आदेश ग्रुप के निदेशक गुरफतेह सिंह गिल, आदेश मेडिकल कालेज व अस्पताल मोहड़ी के प्रबंध निदेशक गुणतास सिंह गिल ने डा. मनिन्द्र हरिया और उनकी टीम की प्रशंसा की है।

## खबर संक्षेप

### बरसाती नदियों में जलस्तर पर रखें नजर

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने पिछले दिनों हुई बरसात व पहाड़ों से आने वाले बरसाती पानी को लेकर टांगरी , घग्गर व मारकंडा नदी के बढ़ते जल स्तर के मद्देनजर निगरानी के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को ठिकरी पहरा लगाने के भी निर्देश दिए हैं। यदि इन नदियों में कोई जलभराव या आपातकालीन स्थिति उत्पन्न होती है तो इसकी सूचना तुरंत प्रशासन द्वारा स्थापित कंट्रोल रूम के साथ-साथ उच्च अधिकारियों को भी दी जाए। उन्होंने संबंधित एसडीएम को भी कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में पड़ने वाली नदियों के बढ़ते जलस्तर की गतिविधि पर ध्यान रखें। उपायुक्त ने बताया कि लगातार बारिश होने व पहाड़ों से बरसाती पानी के अचानक आने से इन नदियों का जलस्तर अचानक बढ़ जाता है। इसके कारण नदियों के आस पास के क्षेत्रों में बाढ़ जैसी स्थिति भी उत्पन्न हो जाती हैं। इसको ध्यान में रखते हुए संबंधित विभाग फील्ड स्टाफ को सतर्क रखें। हर गतिविधि पर नजर रखें।

### नए शिक्षा सत्र की हुई शुरूआत

**बराड़ा।** लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय अधोया में बीएड द्वितीय वर्ष के नए सत्र का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना के साथ हुई, जिसके पश्चात प्राचार्य डॉ. रेनू सोहता ने विद्यार्थियों का स्वागत किया तथा महाविद्यालय की विभिन्न शैक्षणिक व सहशैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने शिक्षकों का परिचय भी विद्यार्थियों से करवाया। डॉ. सोहता ने बीएड द्वितीय वर्ष के स्कूल इंटर्नशिप कार्यक्रम की रूपरेखा पर भी विस्तार से प्रकाश डाला।

### उत्साह से मनाया रक्षाबंधन

**बराड़ा।** संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में रक्षाबंधन का पावन पर्व श्रद्धा, आत्मीयता और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ब्रह्मकुमारी आश्रम से पधारी बहनों चेतना और सविता ने कॉलेज प्राचार्या डॉ. दलजीत कौर विर्क को लक्ष्मी-नारायण की प्रतिमा भेंट कर रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में ब्रह्मकुमारी दीदी सविता ने रक्षाबंधन के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व केवल एक धागे तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आत्मा और परमात्मा के मिलन का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जब हमारी आत्मा शुद्ध होती है, तभी हम परमात्मा के करीब पहुंच पाते हैं।

### राखी निर्माण प्रतियोगिता आयोजित

**बराड़ा।** अकाल अकादमी होली में रक्षाबंधन के पावन पर्व के उपलक्ष्य में शुक्रवार को राखी निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी कलात्मक प्रतिभा एवं रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे धागों, मोतियों, शीशों, सिक्विन्स और क्राफ्ट पेपर जैसी विविध सजावटी सामग्री का उपयोग करते हुए सुंदर व आकर्षक राखियों का निर्माण किया।

# शिविर में 4181 शिकायतों का समाधान 44 शिकायतों पर चल रही कार्रवाई

## सीएम ने वीसी के जरिए समाधान शिविरों में आ रही शिकायतों की उपायुक्तों से ली रिपोर्ट

यदि कोई शिकायत समाधान नहीं होने वाली है तो संबंधित शिकायतकर्ता को उसका कारण स्पष्ट रूप से बताया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** सीएम की मीटिंग में मौजूद अधिकारी।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को वीसी के माध्यम से आयोजित राज्य स्तरीय साप्ताहिक बैठक में सभी जिलों के उपायुक्तों से समाधान शिविरों में प्राप्त हो रही शिकायतों की समीक्षा की।

साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए । मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविरों में आमजन से प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर तय समय में प्रभावी और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करें।

उन्होंने लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन जिलों में शिकायतें लंबित हैं, उनका शीघ्र निपटान किया जाए। यदि कोई शिकायत समाधान नहीं होने वाली है तो संबंधित शिकायतकर्ता को उसका कारण स्पष्ट रूप से बताया जाए।

साथ ही रिमार्क दर्ज किया जाए। अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल ने सीएम को बताया कि अब तक समाधान शिविरों में कुल 4,433 शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

इसमें से 4,181 का समाधान किया जा चुका है। 44 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित लंबित हैं। उनके शीघ्र समाधान के निर्देश विभागाध्यक्षों को दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त 118 शिकायतें रिओपन व 92 शिकायतें अस्वीकृत की श्रेणी में शामिल हैं।

वीसी के उपरांत अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल ने संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश दिए कि विभाग आपसी समन्वय से समाधान शिविरों की लंबित शिकायतों का शीघ्र निपटान सुनिश्चित करें।

उन्होंने स्पष्ट किया कि समाधान शिविर आमजन की समस्याओं से सीधे जुड़े हैं इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या अकारण देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री स्वयं इन शिविरों की मॉनिटरिंग करते हैं।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर एसडीएम दर्शन कुमार, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त पुनित, डीएसपी सुरेश कुमार, डीआरओ राजेश खियालिया, डीडीपीओ दिनेश शर्मा, एसडीओ बिजली विभाग जोगिंद्र, सहायक सतीश कुमार, रजत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।


**अंबाला।** चोरी की मोटरसाइकिलों के साथ वाहन चोर गिरोह के सदस्य।

# दो पहिया वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़

## चार आरोपियों से चोरी की 17 मोटरसाइकिल जब्त

- अलग- अलग जगह से चोरी की वारदातों को अंजाम देने का आरोप, गिरोह के पकड़े जाने से वाहन चोरी की कई वारदातें सुलझी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पुलिस ने वाहन चोरी के एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में चार आरोपियों को काबू कर उनके कब्जे से चोरी की 17 मोटरसाइकिलें जब्त की गई। ये सभी वाहन आरोपियों ने अलग अलग जगह से चोरी किए थे। एवीटी की जांच टीम ने इस गिरोह को काबू करने में अहम भूमिका निभाई है। दरअसल थाना पड़ाव में दर्ज मोटरसाइकिल चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी अभिषेक उर्फ बांडा, कुरुक्षेत्र के संभालखी गांव के विक्रम, हलदेहड़ी के रोहित कुमार व दुखेड़ी के रॉकी कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पूछताछ के दौरान बडा खुलासा किया। आरोपियों ने बताया कि इस मामले के अतिरिक्त विभिन्न स्थानों से कई मोटरसाईकिल चोरी करके सूनसान कमरें में खडी की हुई हैं। एवीटी टीम ने सिलसिलेवार जांच के दौरान आरोपियों के कब्जे से 17 दो पहिया वाहन बरामद किए। पुलिस ने गहन पूछताछ के लिए अब आरोपी अभिषेक व रॉकी को एक दिन के रिमांड पर लिया है। अन्य आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। अब तक की पूछताछ में आरोपियों ने यह बताया कि उन्होंने ये वाहन अलग-अलग स्थानों से चारी किए हैं ।एवीटी सैल इंचार्ज इंस्पेक्टर ऋषि पाल ने बताया कि सुचना प्राप्त हुई थी की तीन आरोपी चोरी की मोटरसाइकिल को बेचने के फिराक में घूम रहे हैं। जांच टीम ने थाना पड़ाव क्षेत्र में मौजूद ड्रम फैक्टरी के पास नाकाबंदी कर बाइक सवार आरोपियों को काबू किया। पूछताछ के दौरान आरोपी मोटरसाइकिल के दस्तावेज नहीं दिखा पाए। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि यह मोटरसाइकिल चोरी की है। उसे वो बेचने की फिराक में घूम रहे हैं। जांच उपरांत पता चला कि यह मोटरसाईकिल थाना पडाव से चोरी हुई है। 31 जुलाई 2025 पुलिस ने बाइक चोरी का केस भी दर्ज किया था। एवीटी टीम ने इस मामले के अतिरिक्त आरोपियों से 16 वाहन बरामद किए है। पुलिस को रिमांड के दौरान कई वाहन चोरी की वारदातें सुलझने की संभावना है।

# तिरंगे से सजी राखियों का किया निर्माण

- डीएवी स्कूल में आयोजित हुई कई प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


**अंबाला।** प्रिंसिपल को राखी बांधते स्कूली छात्राएं।

अंबाला शहर के डीएवी सीनियर सैकेंडरी पब्लिक स्कूल में रक्षाबंधन व स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में तिरंगा राखी मेकिंग तथा देश के सैनिकों, पुलिसकर्मियों एवं भाइयों के लिए पत्र लेखन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपनी सृजनात्मकता और देशभक्ति की भावना को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। कक्षा 3 से 6 तक के छात्रों के लिए तिरंगा राखी निर्माण प्रतियोगिता रखी गई जिसमें बच्चों ने तिरंगे रंगों से सजी सुंदर राखियों का निर्माण किया। वहीं, कक्षा 7 से 12 के छात्रों ने देश के जवानों, पुलिसकर्मियों अथवा अपने भाइयों के लिए भावनात्मक पत्र लिखे। बच्चों की लेखनी में जहां राष्ट्रप्रेम की भावना झलकी वहीं भाई-बहन के पावन रिश्ते का भावनात्मक चित्र भी उकेरा गया। प्रतियोगिता में चयनित श्रेष्ठ पत्रों को विभिन्न शिक्षिकाओं द्वारा मूल्यांकन हेतु दिया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. राधा रमन सूरी ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा /"बच्चों ने देशभक्ति और स्नेह को अद्भुत रूप में प्रस्तुत किया है। हम प्रयास करेंगे कि श्रेष्ठ पत्रों को डाक विभाग के माध्यम से सेना के जवानों तक पहुंचाया जाए ताकि हमारे छात्र देश के रक्षकों से सीधा संवाद स्थापित कर सकें। विद्यालय परिवार की इस अभिनव पहल को अभिभावकों एवं समुदाय द्वारा भी सराहा गया। प्राचार्य डॉ राधा रमन सूरी ने रक्षाबंधन के अवसर पर सभी शिक्षकों अभिभावकों व विद्यार्थियों को बधाई दी।

# सिविल अस्पताल में शुरू हुई कार्डियो व यूरोलॉजी ओपीडी

- लंबे समय से दोनों ओपीड़ी की सेवाओं की हो रही थी मांग, इससे पहले गेस्ट्रो की ओपीडी की हुई थी शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


**अंबाला।** नए फीड़र की शुरुआत करते पूर्व मंत्री असीम गोयल व अन्य।

अंबाला शहर के सिविल अस्पताल में शुक्रवार को कार्डियोलॉजी और यूरोलॉजी ओपीडी की शुरुआत की। पूर्व मंत्री असीम गोयल ने दोनों ओपीड़ी की शुरूआत की। यह सेवाएं एक निजी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के सहयोग से चलाई जाएंगी। इससे पहले यहां गेस्ट्रो ओपीडी की शुरुआत की जा चुकी है। नई व्यवस्था के तहत मरीजों को कार्डियो ओपीडी की सुविधा हर वीरवार, जबकि यूरोलॉजी ओपीडी की सुविधा हर बुधवार और शुक्रवार को मिलेगी। इस दौरान पूर्व मंत्री असीम गोयल ने कहा कि इन सुविधाओं के शुरू होने से अंबाला और आसपास के मरीजों को विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएं यहीं सिविल अस्पताल में मिल सकेंगी।

### दो नए फीडरों का शुभारंभ

पूर्व मंत्री असीम गोयल ने बिजली विभाग के दो नए फीडरों का भी शुभारंभ किया। इनमें कोर्ट रोड फीडर और मानव चौक फीडर शामिल हैं। पूर्व मंत्री असीम गोयल ने बताया कि इन नए फीडरों के शुरू होने से इलाके में बिजली सप्लाई और बेहतर होगी तथा वोल्टेज की समस्या से छुटकारा मिलेगा। बता दें कि शुरू हुए फीडरों से कोर्ट रोड़,शास्त्री नगर,कांच घर, मानव विहार,अनाज मंडी,मानव चौक,गुरु अर्जुनपुरा,रतनगढ़ रोड़,न्यू मिलाप नगर व मानव चौक के नजदीकी क्षेत्र को लाभ मिलेगा। पूर्व मंत्री असीम गोयल ने कहा कि यह कदम शहरवासियों को निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने बताया कि नायब सरकार प्रदेशभर चहुंमुखी विकास करवा रही है।

# हर गरीब को पक्का मकान देने का वायदा झूठाः विधायक

- पीड़ति परिवार से की मुलाकात, अगर परिवार को सहायता मिलती तो न होता जानी नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा


**बराड़ा।** ग्रामीणों से बातचीत करते हुए विधायक पूजा चौधरी।

प्रधानमंत्री आवास योजना और डॉ. बीआर अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना के तहत लाभार्थियों को समय पर सहायता न मिलने पर विधायक पूजा ने सरकार पर हमला किया है। उन्होंने कहा कि ये योजनाएं ग़रीब परिवारों के पक्के मकान के सपने पूरे करने के लिए बनाई गई थीं। पर सरकारी लापरवाही के चलते ज़रूरतमंद लोग वर्षों से सिर्फ इंतजार ही कर रहे हैं।

विधायक पूजा गांव धनौरा में उस परिवार से मिलने पहुंचीं जहां मकान की छत गिरने से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई और उनका पुत्र घायल हो गया। उन्होंने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की और कहा कि यह हादसा सरकार की नीतियों की विफलता का जीता-जागता उदाहरण है। विधायक ने बताया कि मृतक महिला का नाम आवास योजना के लाभार्थियों की सूची में शामिल था लेकिन समय पर योजना का लाभ न मिलने के कारण वह पक्का मकान नहीं बनवा सकी। यदि उसे समय रहते यह सहायता राशि मिल जाती, तो उसकी जान बचाई जा सकती थी। विधायक ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने 2024 तक हर ग़रीब को पक्का मकान देने का वादा किया था लेकिन अब 2025 का आधा साल बीत चुका है।

अब भी कई लाभार्थी मकान निर्माण की पहली, दूसरी या तीसरी किस्त का इंतजार कर रहे हैं। कुछ लाभार्थियों ने तो पुराने मकान गिरा दिए हैं लेकिन नई निर्माण सहायता राशि न मिलने से वे बुरी तरह परेशान हैं। आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि इन योजनाओं के तहत लंबित पड़े आवेदनों पर तुरंत कार्रवाई की जाए और पात्र परिवारों को समय पर पक्के मकान उपलब्ध कराए जाएं ताकि भविष्य में किसी भी ग़रीब को इस तरह के हादसों का शिकार न होना पड़े।

# आयुष्मान योजना के जरिए जनता से भद्दा मजाक

- प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन ने सरकार पर किया तीखा वार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


**अंबाला।** मीडिया से बातचीत करते एडवोकेट रोहित जैन।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन ने आयुष्मान कार्ड योजना को लेकर एक बार फिर प्रदेश सरकार पर तीखा वार किया है । जैन का आरोप है कि सरकार आयुष्मान कार्ड योजना को लेकर गरीब व जरूरतमंद लोगों का मजाक बनाकर उनकी सेहत से खिलवाड़ कर रही हैं। उन्होंने कहा कि प्राइवेट अस्पतालों को योजना के तहत पूरा भुगतान न किए जाने पर अब गरीब लोगों का उपचार बंद हो गया है । सरकार जानबूझकर प्रदेश की जनता के लोगों के हितों से खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा की प्रदेश में गरीब और जरूरतमंद लोगों के प्राइवेट अस्पतालों में बीमारियों का उपचार करवाने के लिए सालाना 2000 से 2500 करोड रुपए के बजट की जरूरत होती है। पर सरकार के पास मुश्किल से सालाना 1000 करोड़ के बजट की भी व्यवस्था नहीं पाती। उन्होंने कहा कि पिछले काफी समय से राज्य सरकार की ओर से योजना के तहत प्राइवेट अस्पतालों को रेगुलर भुगतान नहीं किया जा रहा । भुगतान न होने के कारण अब प्रदेश के 600 से ज्यादा प्राइवेट अस्पतालों ने योजना के तहत गरीब लोगों के उपचार की सुविधा को बंद कर दिया है ।इसकी वजह से अब लोग बीमारी के उपचार को तरस रहे हैं ।कई लोगों को बीमारियों के उपचार के लिए सरकारी अस्पतालों में धक्के खाने पड़ रहे हैं । पर सरकारी अस्पतालों की स्थिति खराब होने के कारण बीमार लोगों को उपचार की बेहतर सुविधा नहीं मिल पा रही है । जैन ने कहा कि अगर राज्य सरकार ने सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था में सुधार किया होता तो शायद उन्हें ऐसी विकट स्थिति का सामना न करना पड़ता ।

# मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु उसका चंचल मन

- एसएस जैन स्थानक में साध्वी रत्ना सुवृद्धि ने श्रद्धालुओं को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

एसएस जैन स्थानक में चल रहे पावन चातुर्मास के अंतर्गत विराजमान साध्वी रत्ना सुवृद्धि एवं साध्वी सात्विक के सान्निध्य में धार्मिक वातावरण हर दिन पावन होता जा रहा है। शुक्रवार को आयोजित धर्मसभा में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या उपस्थिति रही। यहां सभी ने साध्वी के ज्ञानवर्धक व प्रेरणादायक प्रवचनों का लाभ उठाया। साध्वी रत्ना सुवृद्धि ने अपने प्रवचन में कहा कि मनुष्य जीवन दुर्लभ है और इस जीवन को सार्थक तभी बनाया जा सकता है जब हम अपने मन को वश में करने की कला सीखें। उन्होंने कहा, /"मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु उसका चंचल मन है। यदि मन को संयमित कर लिया जाए तो जीवन में शांति, सद्गुण और भक्ति का प्रवाह स्वयं शुरू हो जाता है।/" उन्होंने आगे कहा कि मन को जीतना बाहरी युद्धों से कहीं अधिक कठिन है लेकिन जो साधक अपने मन को वश में कर लेता है। सच्चे अर्थों में धर्म के मार्ग पर अग्रसर होता है। प्रभु भक्ति, आत्मा की शुद्धि, और मोक्ष मार्ग की शुरुआत तभी होती है जब मन एकाग्र और संयमित हो।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में उमंग के साथ मनाया गया रक्षाबंधन

# सामाजिक ताने-बाने से निरंतर टूट रही है रक्षाबंधन की मर्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना


**मुलाना।** विधायक पूजा चौधरी का अभिनंदन करती बीके बहनें ।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की शाखा में रक्षाबंधन का पर्व उमंग उत्साह से मनाया गया। ये कार्यक्रम सेवा केंद्र संचालिका राजयोगिनी वीना दीदी व बीके सुभद्रा दीदी के मार्गदर्शन में हुआ। मुख्य वक्ता राजयोगिनी बीके शैली दीदी ने कहा सामाजिक ताने-बाने से रक्षाबंधन की मर्यादा निरंतर टूटती जा रही है।

अब तो केवल औपचारिकता निभाई जाने लगी है। हमें भाषा, भेद, जाती, वर्ण, रंग और धर्म की दीवारों से ऊपर उठकर बुराइयों से स्वयं की और दूसरों की रक्षा का संकल्प मजबूत करना चाहिए। वास्तव में इस पर्व के पीछे केवल शारीरिक रक्षा का सवाल नहीं है बल्कि संकल्पों के बंधन का भाव समाया हुआ होता है। रक्षा का अर्थ केवल सुरक्षा से नहीं है बल्कि धर्म रक्षा से है। आत्मा का धर्म है- शांति और पवित्रता जिसकी हमें रक्षा करनी है। बराड़ा सेवा केंद्र संचालिका राजयोगिनी बीके सविता दीदी ने कहा समाज में नारी सशक्त है, सुशिक्षित है, परंतु रक्षा की आवश्यकता है। सत्य को, प्रेम को, न्याय को और प्रकृति को इसलिए हमें इनकी रक्षा का संकल्प अवश्य लेना है। हम मन, वचन और कर्म की पवित्रता बनाए रखने और विश्व बंधुत्व के दर्शन को अपनाने का संकल्प लें। विधायक पूजा चौधरी ने कहा यह बहनें रक्षाबंधन पर किसी की कमी कमजोरी को जेब खर्ची के रूप में लेती हैं। इनका ये दैवी व्यवहार बेहद सराहनीय है। उन्होंने कहा बहनों ने कहा है कोई एक अच्छी आदत कोई एक बदलाव स्वयं में लाओ। उन्होंने कहा कि मैं आज से परमात्मा को सबसे पहले धन्यवाद करूंगी उनको याद करूंगी, उसके बाद अपने परिवारजनों संगठन या अन्य किसी को याद करूंगी। उन्होंने कहा भविष्य में कभी भी अगर हमारी सेवा की आवश्यकता होगी तो हम हर समय सहयोग देने के लिए तैयार हैं। अंत में सभी ने शुभ संकल्पों की प्रतिज्ञा करके रक्षासूत्र बांधकर मुख मीठा किया।